Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 07-11-2022 अंक 393

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### कार और बाइक की टक्कर में बुजुर्ग महिला हुई घायल, रेफर



बरही थाना अंतर्गत रसोइया धमना मोड़ के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला का नाम मुंद्रिका देवी उम्र 60 वर्ष पति लोकनाथ यादव हजारीधमना निवासी है। घायल महिला अपना किसी रिश्तेदार के साथ बाइक पर सवार होकर निजी काम के लिए बरही आ रही थी। इसी क्रम में पीछे से तेज गति से आ रही कार ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया। जिससे बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्ष से दो दो घायल, एक रेफर



बरही थाना अंतर्गत कोनरा में जमीन विवाद को लेकर मारपीट में दोनों पक्ष से दो – दो लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के प्रथम पक्ष से मो जियाउल अंसारी उम्र 37 वर्ष पिता मो कुद्दुस एवं जहीदा खातून उम्र 45 वर्ष पति मो कुद्दुस गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से मो फिरोज अंसारी उम्र 26 वर्ष पिता मो ताहिर एवं मो ताहिर उम्र 55 वर्ष पिता मो सरीफ सभी कोनरा निवासी है। सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार किया गया। वहीं मो जियाउल को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

## पूर्व विधायक मनोज यादव के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न, 11 नवम्बर को निकाली जाएगी जन आक्रोश रैली



बैठक को संबोधित करते पूर्व विधायक मनोज यादव



बैठक के उपरांत भाजपाइयों के साथ मनोज यादव

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव स्थित आवास पर भारतीय जनता पार्टी बरही प्रखंड के कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव एवं प्रभारी अभिमन्यु प्रसाद उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 11 नवम्बर 2022 को राज्य सरकार के भ्रष्टाचार, लाल फीता शाही, जनविरोधी निति, प्रखंड विकास कार्यालय, अंचल कार्यालय में भारी घूसखोरी तथा विफल प्रशासन के खिलाफ एक दिवसीय जन प्रदर्शन भगवती मंदिर बरही स्थित भाजपा कार्यालय से निकलकर प्रखंड मैदान में पुरे दम खम के साथ निकालने का निर्णय लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश एवं ऊर्जा भरते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बरही प्रखंड में आमजनों को प्रखंड विकास कार्यालय, अंचल कार्यालय में लाल फीता शाही का सामना करना पड़ रहा है। गरीबों को मिलने वाले खाद्य अनाज बिचौलियों के माध्यम से ट्रक में भर भर कर बेच दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बरही में किसी की मनमानी नहीं चलने दिया जायेगा। कहा कि क़ानून सभी के लिए बराबर है, चाहे वो अमीर व्यक्ति हो या गरीब व्यक्ति। उन्होंने कहा कि बरही में 11 नवंबर को भारी जन प्रदर्शन किया जायेगा व जनता को इंसाफ दिलाया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार और कालाबाजारी चरम पर हैं। झारखंड की आम जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है। आने वाले समय में इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकेंगे और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएंगे। वही जिला प्रभारी अभिमन्यु प्रसाद ने कहा कि जबसे हेमंत सरकार के आते ही चारो और भय, भूख, भ्रष्टाचार, बेईमानी एवं सरकार के नाकामी साफ दिखाई दे रहा है। कहा कि वर्तमान विधायक के द्वारा कोई जनहित के कार्य नहीं दिखाई दे रहा है लेकिन अवैध कारोबार जरूर फल फुल रहा है । बरही विधानसभा में हम सभी को कमर कसकर सरकार के नाकामियों का विरोध करना है। वहीं भा. जपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम बिल. कुल फीसडी साबित हो रहा है, जनता का कोई सुध नहीं लिया जा रहा है। अफसर अपना फोटो सूट कराने में व्यस्त है। वरिष्ठ भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव ने वर्तमान जनप्रतिनिधि को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वर्तमान विधायक अपने मर्जी के माफिक जनता को बरगलाने और अपनी तिजोरी भरने में व्यस्त है। जनता अब जागरूक हो चुकी है, इनकी मनमानी एंव गुंडागर्दी बरही विधानसभा में नहीं चलने दिया जायेगा। मौक़े पर बरही पश्चिमी जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया मंगल देव यादव, प. स स प्रतिनधि विनोद यादव, मुखिया हरेंद्र गोप, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, मुखिया शमसेर आलम, उप मुखिया मनोज उपाध्य, पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी रामचंद्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, मुखिया प्रतिनिधि मो. मंसुर, मुखिया प्रतिनिधि राजन यादव, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, उप मुखिया बालेश्वर यादव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, गोपाल राणा, इन्दर देव ठाकुर, राजेश केशरी, राजकुमार केशरी, जानकी यादव, अशोक यादव, ब्रह्मदेव यादव, महेंद्र यादव, सुभाष यादव, शि. वनंदन यादव, प्रदुमन सिंह, रामाधीन यादव, राधेश्याम सिंह, मनितोष यादव, वीरेंद्र सिंह, रघुनाथ मोदी, अर्जुन मोदी, नरेश यादव, अमित सिंह उर्फ़ छोटू , जीतेन्द्र ठाकुर, सचिन यादव, ज्योतिष यादव, ज्योतिष सिंह, विशाल यादव, गुलाब यादव, का. र्तिक यादव सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मलकोको पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, 1065 लोगों ने दिया आवेदन



दीप प्रज्वलित करते विधायक वा अन्य



नाली का शिलान्यास करते किशुन यादव वा अन्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को मलकोको पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक उमा शंकर अकेला, जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, बीडीओ सी. आर. इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू एवं मुखिया विजय यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में 15 वीं वित आयोग, आवास, सावित्री भाई फुले किशोरी समृद्ध योजना, ई श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति सहित अन्य कई स्टॉल लगाए गए। वहीं इस शिविर में कुल 1065 लोगों ने आवेदन जमा किए जहां 213 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बाकी के आवेदन प्रक्रिया में भेजी गई है। साथ ही 160 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण हुआ। साथ ही नीलांबर पीताम्बर जल समृद्धि योजना के तहत 05 योजना का चयन किया गया एवं बाबा साहेब अंबेडकर आवास योजना के तहत 03 लाभुकों के बीच प्रति आवास एक लाख तीस हजार रुपए का स्वीकृति पत्र दिया गया। साथ ही फूलों झानों आशीर्वाद योजना के तहत दस हजार रूपया का सहयोग राशि बसवा देवी को दिया गया। वहीं जेएसएलपीएस के द्वारा 21 सखी मंडल के बीच 46 लाख रुपए का ऋण वितरण किया गया। इस शिविर में आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लाभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमा शंकर अकेला यादव ने पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविर में पहुंचकर राज्य सरकार की अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। वहीं जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने मलकोको में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत नाली निर्माण योजना का उद्घाटन किया गया। जिसका निर्माण दो लाख रुपया के लागत से किया जायेगा। । मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला, जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बीडीओ सी.आर.इंदवार यादव, प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया विजय यादव सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस पार्टी की बरसोत पंचायत में बैठक सम्पन्न, रमेश प्रसाद चंद्रवंशी बनें अध्यक्ष व बिनोद कुमार सिंह सचिव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बैठक में शामिल कांग्रेसी

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत सोमवार को बरही प्रखण्ड के बरसोत पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से रमेश प्रसाद चंद्रवंशी को बरसोत पंचायत का अध्यक्ष व बिनोद कुमार सिंह को सचिव बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक पार्टी है जो सभी धर्मों, वर्गों, संप्रदायों एवं जातियों का सम्मान करती है। कांग्रेस पार्टी ने आजादी से लेकर आज तक राजनीति के साथ-साथ समाज सुधारक के रूप में भी काम किया है तथा समाज को एक नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव से लेकर आज तक झूठ बोलने के सिवा कुछ नहीं किया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने अभी तक के कार्यकाल में महंगाई, भ्रष्टाचार तथा लोकतंत्र को तार-तार करने के सिवा कुछ नहीं दिया है। मौके पर सीताराम यादव, रमेश प्रसाद चंद्रवंशी, राकेश रजक, शैलेश कुमार, कौलेश्वर प्रसाद, विनोद कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, ध्रुव देव यादव, रिंकू खान, फिरदोस खान, पवन गुप्ता, बंसी यादव, बजरंगी कुशवाहा, नागेश्वर शर्मा, गणेश रजवार, मनोज कुमार, लल्लन यादव, सिकंदर यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे

## ब्रह्मा विद्या विहंगम ने किया साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में सोमवार को ब्रह्मा विद्या विहंगम के द्वारा साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन ड० महेश प्रसाद के अध्यक्षता में किया गया। जहां स्वागतगान, मंगलगान, उद्घोष एवं माल्यार्पण सामूहिक रूप से किया गया। ज्ञान गुदड़ी किशोर सिंह, स्वर्वेद पाठ कृष्ण कुमार गुप्ता, भजन ममता देवी, समुंद्री देवी एवं सावित्री देवी ने किया, ध्यान सिकंदर सिंह, प्रवचन कृष्ण कुमार गुप्ता वहीं प्रार्थना, आरती एवं शांति पाठ सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर सिकंदर सिंह, किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह, सावित्री देवी, समुंद्री देवी, अनीता देवी, ममता देवी, रामचंद्र रविदास, पप्पू रविदास, प्रमोद कुमार गुप्ता एवं शकुंतला देवी मुख्य रूप से मौजूद थी।

## जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव का पैतृक गांव बेलादोहर में ग्रामीणों ने अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


किशुन यादव को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते किशुन यादव

बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव को उनके पैतृक गांव बेलादोहर के ग्रामीणों ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। जहां उन्होंने मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की अगर किसी व्यक्ति को उनके पैतृक गांव में सम्मानित किया जाता है। तो वह पल उसके लिए सबसे सुखद पल होता है। साथ ही उन्होंने कहा की मलकोको पंचायत सहित पूरे क्षेत्र में जो भी कमियां है उसे जल्द पूरा किया जाएगा। मौके पर पूर्व उप मुखिया इन्दो महतो, जिबलाल यादव, मोहन यादव, ब्रह्मदेव यादव, रामचंद्र यादव, राजेंद्र यादव, केदार यादव, दिनेश यादव, राजू राणा, शंकर राणा, महेंद्र यादव, मनोज यादव, प्रेम ठाकुर, इंद्रदेव यादव, रूपेश यादव, राजेश यादव, विकाश यादव, सुखदेव यादव, काली यादव, सोनू, जितेंद्र, बीरेंद्र, अनिल, रोहित एवं मन्नू सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## जोभिया घाटी में मेटल भरी हाइवा पलटी,चालक तथा खलासी बाल बाल बचे

**अपेम लाइव: बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बडकागांव। प्रखंड अंतर्गत पंचायत तलसवार के जोभिया घाटी मे सोमवार संध्या 4.00 बजे भुरकुंडा से बड़कागांव कि तरफ मेटल भरी 10 चक्का हाईवा पलट गया। प्रत्यक्षदर्शी लोगों ने बताया कि जोभीया घाटी तीखा मोड होने के कारण हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। हाइवा पलटने से हाइवा छतिग्रस्त हो गया तथा चालक और खलासी बाल बाल बचे। दोनों को मामूली चोट लगा। वहीं समाजसेवी जितेंद्र कुमार साव ने सरकार से मांग की है,कि जोभिया घाटी तीखा मोड के पास गार्डवाल का निर्माण किया जाए। ताकि बडी हादसा से बचा जा सके। श्री साव ने कहा कि इससे एक माह पूर्व भी हाइवा में मेटल भरी पलटा था। और ऐसी सडक हादसा आयें दिन इस तीखा मोड में देखने को मिलता है।









## एनटीपीसी ने मनाया 47वां स्थापना दिवस





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह राजा बागी स्थित बड़कागांव में एनटीपीसी ने 47वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने एनटीपीसी परिसर में ध्वज फहराया एवं केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री श्रीवास्तव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एनटीपीसी उत्तर प्रदेश स्थित सिंगरौली परियोजना की स्थापना से लेकर अब तक हम सफलता की कई सीढ़ियां चढ़ चुकी हैं। विगत 47 वर्षों के इस सफर में 70 परियोजनाओं के साथ अब हमारी कंपनी 70,254 मे. गावाट की स्थापित क्षमता के साथ अपने शीर्ष स्थान पर कायम है। वर्ष 2022 में एनटीपीसी को ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट द्वारा भारत के निर्माण क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य स्थलों में शेर 30 में स्थान दिया गया है। एनटीपीसी को यह मान्यता लगातार पांचवे वर्ष प्रदान की गई है जो कि हमारे लिए एक गर्व की बात है। हमारी कोल माइंस पकरी बरवाडीह एनटीपीसी परियोजना को इस वित्तीय वर्ष में 16 एमएमटी के लक्ष्य को प्राप्त करना है। उसमें से हमने 30 अक्टूबर 2022 तक 6.4 एमएम टी का उत्पादन सुनिश्चित किया है। इस कार्य के लिए टीम भावना के साथ काम करने की आवश्यकता है। एनटीपीसी की बाकी परियोजनाएं विद्युत उत्पादन के कार्य में 100 प्रतिशत योगदान दे रही है । वही हमें अपनी परियोजना उन्हें पर्याप्त मात्रा में कोयले की उपलब्धता कराते रहे ताकि देश में बिजली के उत्पादन में कोई बाधा ना आए। हमारी परियोजना के सभी सदस्य अपने इस मिशन में लगे हुए हैं। हमारी 21 परियोजनाओं को पंकरी बरवाडीह परियोजना से उच्च स्तर से कोयले की निरंतर आपूर्ति की जा रही है। पकरी बरवाडीह खनन परियोजना से कोयला निकालने की शुरुआत 7 दिसंबर 2016 को की गई थी तब से लेकर 31 अक्टूबर 2022 तक कुल 40.91 एमएमटी कोयले का उत्पादन किया जा चुका है ।साथ हीं 31 अक्टूबर 2022 तक 10686 द्वारा 38.47 एमएमटी कोयला बानादाग रेलवे साइडिंग से विभिन्न परियोजनाओं को भेजा जा चुका है। यह हमारी टीम भावना से काम करने और विभिन्न परियोजनाओं को कोयले की निर्बाध उपलब्धि करने के संकल्प का ही नतीजा है। इसी के साथ ही तीनों सीटों के काम कर रहे सभी अधिकारियों कर्मचारियों एवं सहयोगी संस्थाओं के कर्मचारियों को विशेष रूप से धन्यवाद व्यक्त करना चाहता हूं। जिनके अथक प्रयास से कोयले का उत्पादन निरंतर तेजी आई है।

परियोजना में सुरक्षा के साथ खनन को संकल्प के रूप में अपनाया है मैं अपने सभी सहयोगियों से उम्मीद रखता हूं कि हम लोग इसी जोश के साथ काम करते रहेंगे और अपने लक्ष्यों से भी आगे निकल जाएंगे कोयला ढुलाई के लिए बनाई गई कन्वेयर बेल्ट से कोयले की ढुलाई का काम किया जा रहा है। हमारी इंफ्रा डेप्ट की टीम के सभी सदस्य निरंतर इस प्रयास में लगे हुए हैं। सिकरी साइट अ०फिस और खदान में न०र्थ करणपुरा परियोजना में 220 केवी के बिजली बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है। जिससे कोयले के प्रोडक्शन के काम में गति आई है हमारी टाउनशिप में एक सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। इसके चालू होने के साथ ही कार्यालय एवं आवासीय परिसर को भी निर्बाध बिजली की उपलब्धता सु. निश्चित हो सकेगी। पर्यावरण संरक्षण हमारी प्रमुखता है हम अपनी परियोजना के आसपास के क्षेत्र को हरा भरा रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं पिछले वर्षों में हमने डेढ़ लाख से अधिक वृक्ष लगाए हैं। इस वर्ष भी मानसून के समय में 60,000 से अधिक वृक्ष लगाए जा चुके हैं। ढेंगा क०लोनी और बानादाग रेलवे साइडिंग एरिया में लगाए गए सभी वृक्ष हरियाली फैला रही है। माइनिंग और आवासीय परिसर को भी हरा भरा रखने के लिए निरंतर वृक्षारोपण किया जा रहा है। हमारी परियोजना द्वारा चलाए जा रहे आईटीआई में फिटर, इलेक्ट्रीशियन और वेल्डर के कोर्स चलाए जा रहे हैं। 2021-22 के सीजन तक 496 विद्यार्थी नामांकन करा चुके हैं। जिनमें से 300 से अधिक विद्यार्थियों ने कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से नौकरी प्राप्त की। वही 25 से अधिक विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा को चुना। परियोजना युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम भी करती आई है इस आ. ईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए युवा प्रोत्सा. हित हो रहे हैं । साथ ही बड़कागांव के इस आईटीआई को 5 में से 3.04 अंक प्राप्त हुए हैं। आप सभी को यह बताते हुए मुझे काफी खुशी हो रही है कि पूरे झारखंड के 252 आईटीआई में हमारा आईटीआई सातवें स्थान पर है इसी के साथ हजारीबाग में यह सर्वोच्च स्थान पर विद्यमान है। कार्यक्रम में मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से बादम कोल माइंस के महाप्रबंधक चंद्रशेखर, खनन विभाग के महाप्रबंधक संजीव गुप्ता, मानव संसाधन अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना, शिव प्रसाद, डीजीएम मृत्युंजय वर्मा, अजीत कुमार ,कमला राम रजक के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में जारी किया गया अर्धवार्षिक परीक्षा फल

### नवीन कुमार 98.5 प्रतिशत लाकर बना स्कूल टॉपर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : प्रखंड के ठाकुर मोहल्ला रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बीएम मेमोरियल स्कूल मैं 2022-23 सेशन का अर्धवार्षिक परीक्षा फल आज जारी किया गया। परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। सभी बच्चे व अभिभावक अपना परीक्षा फल प्राप्त कर उत्साहित हुए। वही कक्षा 7 का नवीन कुमार 98.5 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर बना। वही दूसरे स्थान पर 94% कक्षा नौ की छात्रा शालू कुमारी रही। तीसरे स्थान पर कक्षा 7 की छात्रा अर्चना कुमारी 93% चौथे स्थान पर कक्षा 9 का छात्र दिव्यांशु राज 92%, पांचवें स्थान पर कक्षा 4 की छात्रा मिष्टि प्रिया 90%, छठे स्थान पर कक्षा 6 के छात्र प्रिंस कुमार 90% लाकर शिक्षक व अभिभावकों का मान सम्मान बढ़ाया। इसके अलावा सभी कक्षा के छात्र छात्राओं का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। मौके पर विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा ने सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप सभी छात्र छात्राएं हमारे देश के भविष्य हैं आप जितना मन लगाकर पढ़ाई करेंगे उतना ही हमारा देश का भविष्य सुधर सकेगा। आगे उन्होंने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा धन शिक्षा है शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं होता। वही विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं व अभिभावकों से अपील करते हुए कहां की हमारे शिक्षक सभी छात्र छात्राओं को बड़े ही मेहनत और लगन से पढ़ाई करवाते है। और शिक्षक का गुरु दक्षिणा छात्र-छात्राओं का रिजल्ट ही होता है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में छात्र छात्राओं को विषय विशेषज्ञों द्वारा शिक्षा दिया जाता है इसके साथ-साथ बच्चों को खेल कूद का भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि बच्चे खेल कूद में भी अपना भविष्य बना सके। मौके पर मुख्य रूप से उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा, विद्यालय शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, संदीप कुमार शर्मा, उमेश कुमार,आमीन अंसारी,एरिक टोप्पो,अंजू कुमारी, अन्नू देवी,मुकेश कुमार दास,जेम्मा तिग्गा,बिनोद नायक,अंजनी भारती,सरिता बारू, एलिस एलिजाबेथ टोप्पो,आँचल कुमारी,विकाश ठाकुर,सृष्टि कुमारी, सोनू कुमार, गुरदयाल ठाकुर,राकेश मिश्रा, नरेश महतो,राजेश श्रीवास्तव, जितेंद्र महतो,कैलाश साव सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं व अभिभावक उपस्थित थे।

## मरचोई स्थित देवी मंडप प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन, क्षेत्र भक्तिमय

**अपेम लाइव : संतगांवा**



सतगावां प्रखंड अंतर्गत मरचोई गांव स्थित देवी मंडप प्रांगण में रविवार से शुरू होकर 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया।और सोमवार को अखंड कीर्तन संपन्न हुई कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित एवं पुजारी ने विधि विधान व पूजा अर्चना कर किया। मौके पर भजन मंडली की ओर से हरे राम हरे कृष्ण के गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।अखंड हरिकीर्तन में मरचोई गांव के दर्जनों लोग बारी -बारी से पांच-पांच बार हरिकीर्तन किये वही अखंड हरिकीर्तन के समाप्ति अवसर पर महाप्रसाद का वितरण व भव्य भंडारा का आयोजन किया गया उल्लेखनीय हो कि पिछले 41 वर्षों से का. र्तिक माह में यह अखंड हरिकीर्तन कार्यक्रम होता रहा है।मौके पर समिति के अध्यक्ष कार्यानंद सिंह,पिंटू सिंह,राजीव शांडिल्य,मनु सिंह,रंजीत सिंह,सुधीर सिंह,बालमुकुंद पांडेय, श्यामसुंदर पांडेय, संजय पांडे,संतोष सिंह,संजय सिंह,नरेश सिंह,पीयूष कुमार, कृष्णा कुमार, नवलेश सिंह, कुंदन कुमार, भोला सिंह, सतेंद्र सिंह,दिवाकर सिंह, मोहन सिंह, रंजीत कुमार, अजय सिंह,मनोज सिंह, उत्तम सिंह,सिरी सिंह, निरंजन सिंह,विकास पांडेय,विजय सिंह, राजाबाबू आदि दर्जनों ग्रामीण लोग मौजूद थे






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## हंटरगंज प्रखण्ड मे झारखंड सरकार के विरोध मे भारतीय जनता पार्टी द्वारा जोरदार रैली निकाला गया

### हेमंत सरकार हरेक मोर्चे पर है विफल : जनार्दन






**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

चतरा/कान्हाचट्टी : प्रदेश भाजपा के दिशा निर्देश पर सोमवार को हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय का घेराव जनवि. रोधी राज्य के व्याप्त भ्रष्टाचार हत्या अनाचार बालू पत्थर की लूट और झूठ के विरोध में प्रखंड स्तरीय हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जुलूस निकाला गया। और हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया। जिसमें कोसानो के हित को लेकर चतरा जिला को सुखाड़ एवं अकाल घोषित करने के लिए हेमंत सरकार पर हमला बोला गया, जिसमें चतरा पूर्व विधायक माननीय जनार्दन पासवान जी भी रहे शामिल। भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष जुगल सिंह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि प्रोफेसर जैनेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया जोरी मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह पांडेपूरा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह युवा मोर्चा हंटरगंज अध्यक्ष गुंजित कुमार सिंह वीरेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना आलोक सिंह नागेंद्र यादव मंटू सिंह विवेक कुमार पार्टी के महिला मोर्चा एवं समस्त कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिए और इस रैली के माध्यम से हेमंत सरकार को चतरा जिला को सुखाड़ और अकाल घोषित जल्द से जल्द करें।अन्यथा हम फिर से धरना प्रदर्शन का कार्य करते रहेंगे।चतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह मंत्री सत्यानंद भोक्ता जी मुख्यमंत्री जी के साथ रहकर भी चतरा जिला को सुखाड़ और अकाल घोषित नहीं करा पाये सिर्फ मुख्यमंत्री जी के साथ हेलीकॉप्टर से दोनों भ्रमण कर रहे हैं,आकाल और सुखाड़ घोसना न करने मे मंत्री सात्यानंद भोकता जी का सबसे अहम योगदान रहा है।

## विष्णुगढ़ के भेलवारा पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार -आपके द्वार शिविर का आयोजन

### शिविर में आए 566 में मात्र 124 मामलों का हुआ निष्पादन, 440 रहे लंबित

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ प्रखंड के भेलवारा पंचायत भवन परिसर में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शि. विर का उद्घाटन जिप सदस्य दीपिका कुमारी, प्रमुख जैबुन निशा, उपप्रमुख सरयू साव, मुखिया लक्ष्मी कुमारी, बीस सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव, पंसस अजय मंडल, बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, सीओ रामबालक कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शिविर में आम लोगों की समस्याओं के निपटारे को लेकर विभिन्न योजनाओं के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। इसमें लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी के अलावा उन्हें आवेदन के माध्यम से लाभों से भी आच्छादित कराया गया। शिविर में राशन कार्ड के लिए 56, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 185, मुख्यमंत्री पशुधन के 110, सर्वजन पेंशन योजना के 58, मनरेगा के 11, केसीसी के लिए 19, भू-लगान रसीद के 23, दाखिल खरीज के 08 आवेदन प्राप्त किए गए। इसके अलावा अन्य विभागों में लोगों ने आवेदन दिए। कई जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। शिविर में कुल मिलाकर 566 आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमें मात्र 124 आवे. दनों का अ०न स्प०ट निष्पादन कर दिया गया। वहीं, 440 आवेदन जांच के लिए लंबित रखे गए। दो आवेदन किसी कारणवश अस्वीकृत किया गया। अपेक्षाकृत कम मामले निष्पादित होने पर लोगों ने काफी क्षोभ जताया। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि शिविर के माध्यम से सुविधाजनक तरीके से लोगों की समस्याएं हल हो रही है। इसका लाभ लोगों को लेना चाहिए। मौके पर पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश पटेल, गंगाधर महतो, संतोष महतो, महेन्द्र महतो, दुष्यंत पटेल समेत कई लोग मौजूद थे।

## जरूरतमंदों के बीच बच्छई मुखिया ने किया कंबल का वितरण

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण : प्रखण्ड के बच्छई पंचायत सचिवालय के ग्राम डुमरी में 96 लाभुकों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल का वितरण मुखिया बिरेन्द्र रजक, वार्ड सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता के द्वारा किया गया। इस दौरान मुखिया बिरेन्द्र रजक ने कहा कि ठंड गिरने लगी है और समय पर जरूरम. न्दों को कम्बल मिलने से लोगों को ठंड से बचने में काफी सहूलियत होगी। कम्बल वितरण कार्यक्रम में उप मुखिया संजय साव, वार्ड सदस्य सोभा देवी, सोनी कुमारी,कविता देवी,मुंद्रिका देवी, सुजीत यादव,मुनवा देवी,सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्रवंशी पंचायत सचिव केदार साव ,वरिष्ठ समाज सेवी नकुलदेव बैठा, रंजीत गुप्ता, सीता राम रविदास, प्रकाश यादव, सकलदेव यादव, भोला साव, जिबलाल रजक, पूर्व उपमुखिया भोला साव अंगत यादव प्रमोद राणा अन्य लोग शामिल हुए।

## डीवीसी की वादाखिलाफी को लेकर कोनार डैम में बेमियादी धरना प्रदर्शन शुरू

### हजारीबाग तथा बोकारो जिला के सैकड़ों विस्थापित हुए शामिल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


कोनार डैम डीवीसी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन में शामिल विस्थापित

डीवीसी द्वारा विस्थापितों के साथ किए जा रहे कथित वादाखिलाफी को लेकर सोमवार को दामोदर घाटी विस्थापित एवं स्थानीय समन्वय समिति के बैनर तले विस्थापितों का कोनार डैम परियोजना कार्यालय के समक्ष बेमियादी धरना प्रदर्शन शुरू हो गया। धरना प्रदर्शन में कोनार डैम से विस्थापित हुए हजारीबाग एवं बोकारो जिले के विभिन्न गांवों के बड़ी संख्या में विस्थापित जुटे। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष दिनेश्वर मंडल ने किया। उन्होंने कहा कि कोनार डैम से विस्थापित हुए लोगों के सात दशक गुजर गए। विस्थापन के समय डीवीसी ने विस्थापितों को कई तरह की सुविधाएं मिलने का आश्वासन दिया था। जिसमें मुफ्त बिजली, पानी, सिंचाई की सुविधा, जमीन का मालिकाना हक तथा रोजगार में स्थानीय विस्थापितों को प्राथमिकता समेत अन्य कई वादें किए गए थे। अब डीवीसी अपना काम निकल जाने के बाद किए सभी वादों से मुकर रही है। विस्थापित गांवों की दुर्दशा ज्यों की त्यों बनी हुई है। विस्थापन से मिले जमीन का मालि. काना हक भी अब तक डीवीसी के पास है। जिसके कारण सरकारी योजनाओं का लाभ विस्थापित गांवों तक नहीं पहुंच पाता। कहा कि रोजगार में भी विस्थापितों को दरकिनार कर बाहरी लोगों को लाभ दिया जा रहा है। डीवीसी की यह मनमानी अब नहीं चलने देंगे। अब डीवीसी की बिजली व पानी सप्लाई तथा कार्यालय का काम बाधित करने का काम किया जाएगा। कहा कि अब समझौता नहीं अधिकार चाहिए। मौके पर उत्पल चक्रवर्ती, महामंत्री अमर साव, नावाटांड विस्थापित संघ के अध्यक्ष सुरेश राम, बढ़न दास, सुभाष मंडल, जितेन्द्र यादव, नरेश यादव, सोमर सिंह, जीतन महतो, शिवनाथ महतो, सीता देवी, मंजू देवी, सिया देवी, सरिता देवी समेत बड़ी संख्या में विस्थापित मौजूद थे।

## किसान के बेटे ने लहराया सफलता का परचम, नेट और जेआरएफ किया क्वालीफाई

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : प्रखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बशर्ते उन्हें सही समय पर सही मार्गदर्शन मिल जाए। ऐसा ही प्रतिभा के धनी हैं प्रखंड के दादपुर पंचायत के ग्राम सिंहपुर के निवासी अशोक सिंह के बड़े पुत्र रोहित कुमार सिंह। जिन्होंने अपने सफलता के लिए गरीबी को कभी भी कम. जोरी नहीं बनने दिया। वे स्वयं दूसरी जगह कार्य करते हुए अपनी पढ़ाई को जारी रखा और आज उन्होंने यूजीसी नेट और जेआरएफ जैसे कठिन परीक्षा को पास कर प्रखंड के लिए इतिहास गढ़ने का कार्य किया। वे यूजीसी नेट की परीक्षा पास करने के साथ ही अब वे असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए क्वालीफाई हो चुके हैं। उन्होंने यह सफलता झारखंड की क्षेत्रीय भाषा खोरठा में हासिल की है । अबे खोरठा भाषा में पीएचडी का डिग्री हासिल करेंगे । जिसके लिए सरकार की मदद करेगी। वे पिछले एक वर्ष से तैयारी के साथ-साथ झारखंड के लोकप्रिय शिक्षण संस्थान कैरियर फौंडेशन में खोरठा विषय के शिक्षक की भूमिका निभा रहे हैं । उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों , अमित सर और कैरियर फ०उंडेशन के फाउंडर प्रकाश पोद्दार और अपने मित्र पवन को दिया है। बतादें कि इनके पिता एक किसान हैं और शिक्षा के प्रति हमेशा बच्चों को प्रेरित करते रहे।

APEM
LIVE



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सेंट्रल पब्लिक स्कूल में बाल संसद का गठन किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



द सेंट्रल पब्लिक स्कूल के बाल संसद में चुने बच्चे

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली शिक्षण संस्थान बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला स्थित द सेंट्रल पब्लिक स्कूल में बाल संसद का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रबंधक विनोद सिन्हा ने किया। जिसमें वीर सिन्हा को प्रधानमंत्री चुना गया वही उप प्रधानमंत्री–नैंसी सोनी, शिक्षा मंत्री– तृषा सोनी,उप शिक्षा मंत्री– रा. गिनी कुमारी,खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री– खुशी पासवान, उप खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री– मोहित राज बंसल,कृषि एवं पेयजल मंत्री– करण कुमार पासवान,उप कृषि एवं पेयजल मंत्री– शिव कुशवाहा, स्वच्छ एवं स्वास्थ्य मंत्री– शारदा कुमारी को बनाया गया है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से प्रिंसिपल गायत्री सिन्हा, वाइस प्रिंसिपल रूबी वर्मा, अकबर, आलम, राहुल, सूरज, पिंटू ,निक्कू ,नीतू, संगीता ,मोनी के अलावा कई उपस्थित थे।

## श्मशान घाट सेवा समिति के द्वारा दाह संस्कार के लिए निशुल्क लकड़ी दिया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



लकड़ी दान करते संस्था के लोग

बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत मध्य पंचायत निवासी उगन भुइयाँ का देहांत हो गया । अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट सेवा समिति के द्वारा निशुल्क लकड़ी एवं पितांबरी दिया गया ।श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश सिन्हा एवं मुखिया रंजीत कुमार ने कहा उगन भुइयां के परिवार अत्यंत गरीब है उनका अग्नि संस्कार के लिए निशुल्क लकड़ी दिया गया। मौके पर उपस्थित समिति का अध्यक्ष दिनेश सिन्हा ,सचिव सुभाष सिंह, बड़कागांव मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत महतो ,पूर्व मुखिया विश्वनाथ रजक ,शिक्षक अशोक राम, विकास कुमार ,राहुल कुमार, संजय राम, विक्की भुइया, मुन्ना भुइयाँ, अजय भुइयाँ आदि लोग उपस्थित थे।

## धर्मेंद्र कुमार ने यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा में पास कर बड़कागांव प्रखंड का नाम रोशन किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



एनटीए के द्वारा आयोजित यूजीसी नेट के परीक्षा में बड़कागांव प्रखंड के हरली पंचायत निवासी सहेश्वर महतो के पुत्र धर्मेंद्र कुमार नेट और जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण की। धर्मेंद्र विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के राजनीतिक विज्ञान विभाग में शोधार्थी है। धर्मेंद्र अपनी प्राथमिक शिक्षा गांव में की। स्नातक संत कोलंबस कॉलेज तथा पीजी विनोबा भावे विश्वविद्यालय से किया। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता, परिजन, गुरु जन तथा मित्रों को दिया। इस मौके पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ रीता कुमारी, डॉक्टर सुकल्याण मोइत्रा ,डॉ अजय बहादुर सिंह तथा डॉ प्रमोद सिंह ने बधाई दी। परिजनों में हर्ष का माहौल है तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

APEM LIVE

## इतिज ने बाबूपारा को हराकर नीलांबर पितांबर फुटबॉल प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया

### विजेता टीम को 30,000 एवं उप विजेता को 20,000 तथा शील्ड देकर सम्मानित किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



आर्यकर्ण फौंडेशन के तत्वाधान में नीलांबर पितांबर फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच इतिज गांव फुटबॉल मैदान में खेला गया। फाइनल मैच इतिज एवं बाबू पारा फुटबॉल टीम के बीच खेला गया । बतौर मुख्य अतिथि आर्यकर्ण फौंडेशन के सीएमडी रंजीत कुमार एवं आर के इन्फोटेक के प्रोपराइटर रूपा कुमारी ने फुटबॉल को किक मारकर उद्घाटन किया। फाइनल में पहुंची दोनों टीमों ने निर्धारित समय तक गोल रहित रहा अंततः प्लेंटी सूट का सहारा लिया गया। जिसमें इतिज फुटबॉल टीम ने बबूपारा फुटबॉल टीम को हराकर प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया। पुरस्कार वितरण समारोह में आर्यकर्ण फाउंडेशन के सीएमडी रंजीत कुमार के हाथों विजेता टीम को शील्ड एवं 30 हजार तथा उपविजेता टीम को शील्ड एवं 20 हजार चेक वहीं प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 10 हजार एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मौके रंजीत कुमार ने कहा कि हमें अपने क्षेत्र से खिलाड़ियों को सुदूर एवं वंचित क्षेत्रों से राज्य और देश लेवल तक के चयन करके भेजना है । इसके लिए मैं हमेशा प्रयासरत हूं । वही अध्यक्ष सरोज सोनी ने कहा खेल के साथ मान. सिक विकास होता है । ऋण प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि हमारा फंडेशन खेल, शिक्षा, स्वस्थ, महिलाओं के लिए स्वरा. ेजगार एवं सामाजिक कार्यो के लिए हमेशा खड़ा है। हमें कोई राजनीतिक नहीं करना है । हमें सेवा करना है । वही मौके पर चेपाकला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने पूरी मैच में अपने शब्दों,और शेरो शायरी से हिंदी ,अंग्रेजी ,उर्दू ,बंगला और खोरठा से सभी दर्शकों को मनमोहा । मौके पर अध्यक्ष सरोज सोनी ऋण प्रभारी पवन कुमार शाखा प्रबंधक बालकृष्ण कुमार, उप शाखा प्रबंधक सिकंदर कुमार पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ,कोमल गंझू, पूर्व मुखिया दीपक दस, मुकेश गंझू, मुकेश प्रधान रितेश भोगता,आशीष गंझू ,रामचंद्र गंझू, रेफरी प्रशांत गंझू,राजेश गंझू,उपेंद्र गंझू सुरेंद्र गंझू आंबेडकर भोगता ईश्वर गाँझू, किशोर भोगता,धानेश्वर गंझू,भागी गंझू,किरणधारी गंझू,भुनेश्वर प्रजापति,अशोक गंजू, गणेश गझू, आदि कई फिर प्रेमी उपस्थित थे ।

## नापो खुर्द पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कई लोगों ने आवेदन जमा किए

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



प्रखंड के नापो खुर्द पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला अपर समाहर्ता राकेश रोशन , प्रमुख फुलवा देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया गणेश साव, पंचायत समिति सदस्य गणेश साव रवि रंजन, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव , उप मुखिया श्वेता देवी, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। शिविर में कई लोगों को तत्काल वृद्धा पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बा. लिकाओं को पांच हजार रुपए का स्वीकृति पत्र दिया गया। जेएसएलपीएस कैश क्रेडिट लिंकेज एवं सामुदायिक निवेश निधि के तहत परिसंपत्ति का वितरण किया गया। फूलो झालो योजना के तहत दस हजार रुपए का चेक दिया गया। मनरेगा योजना के अंतर्गत डोभा की स्वीकृति दी गई। वर्मी कंपोस्ट का स्वीकृति पत्र एवं ज०ब कार्ड दिया गया। पांच वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति दी गई।शिविर में दर्जनों आवेदन जमा लिए गए जिसमें कई का समाधान शिविर में ही कर दिया गया। मौके पर अपर समाहर्ता राकेश रोशन ने कहा कि सरकार आप के विकास के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम लेकर के आई है आप शिविर में शामिल होकर योजना का लाभ उठाएं और आसपास लोगों को भी इसकी जानकारी दें। शिविर में कई विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को जानकारी दी गई इस दौरान सैकड़ों आवेदन जमा लिए गए। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मुखिया गणेश साव, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, शमशेर आलम विश्व अत्री प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम , चंदर साव , प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां,सुरेश महतो, सोना साहू, उपमुखिया प्रतिनिधि हीरालाल साव, विजय साव, मोहन साहू ,कृष्णा साव, दिनेश प्रसाद ,सनी प्रसाद गुप्ता, रोहित सावआदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

